their Central Road Fund Allocations. Actual construction rests with the Haryana Government. Approaches on the Haryana and Uttar Pradesh sides are to be constructed by the two Governments respectively from their own resources including their Central Road Fund Allocations.

फिल्मों के दोबारा प्रिंट पर उत्पादन शुल्क

3054. **श्री उग्रसेन :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पुरानी फिल्मों के दोबारा प्रिन्ट निकालने पर उत्पादन शुल्क लगाये जाने के कारण फिल्मों की बिक्री में कमी हो गयी है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार दुबारा निकाले जाने वाले इन प्रिन्टों पर उत्पादन शुल्क की छूट देने का है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी) : (क) सरकार के पास इस सम्बन्ध में कोई निश्चित सूचना नहीं है। तथापि, यह संभव है कि उन पुरानी फीचर फिल्मों की प्रिंटों, जो सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए पहली बार जारी किये जाने स बारह महीने के बाद तैयार की जाती है पर हाल ही में लगाए गए शुल्क के कारण पोजीटिव कोरी फिल्मों की मांग कम हो जायेगी।

(ख) पुरानी फिल्मों के दोबारा निकाले जाने वाले प्रिंटों को उत्पादन शुल्क से छूट देने के लिए सरकार को कुछ अभ्यावेदन मिले हैं। इनकी जांच की जा रही है।

भारत में स्वीडन की बहुराष्ट्रीय औद्योगिक फर्में और उनके द्वारा बनाई जा रही वस्तुयें

3055. **श्री उग्रसेन :** क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में स्वीडन की बहुराष्ट्रीय फर्मों के नाम क्या हैं और उनके द्वारा किन-किन वस्तुओं का उत्पादन किया जा रहा है ; और

(ख) क्या इन फर्मों ने नई वस्तुओं का उत्पादन प्रारम्भ कर दिया है और यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

उद्योग मंत्री (श्री जार्ज फर्नान्डिस) : (क) विवरण क संलग्न है।

(ख) विवरण ख संलग्न है।

विवरण (क)

(क)	कम्पनी का नाम	कार्यकलाप
1	2	3
1	ए० जांनसन एण्ड कम्पनी (इण्डिया) ए०बी०, कलकत्ता।	मुख्य कम्पनी के लिए स्टेनलैस स्टील के सामान, वाटर टर्बाइन, हिस्से पुर्जे, वाल्व आदि की सप्लाई के आर्डर प्राप्त करने हेतु एजेन्ट के रूपमें कार्य कर रही है।